# श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस
# SHRI ALL INDIA SWETAMBER STHANAKWASI JAIN CONFERENCE
Head Office : Jain Bhawan, 12, Shaheed Bhagat Singh Marg, Gole Market, New Delhi - 110001
Tel.: 011- 23363729, 23365420 Mob.: 9019731906 Email: aissjc1906@gmail.com Website : https://jainconference.org

AISSJC/MEETING-MCM-V/25-27/5051/26/872 **दिनांक : 26.06.2026**

## राष्ट्रीय प्रबन्ध समिति सभा की सूचना

मान्यवर महोदय

सादर जय जिनेन्द्र!

हम आशा करते हैं कि आप सपरिवार स्वस्थ एवं प्रसन्नचित होंगे।

**श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस, नई दिल्ली** की **राष्ट्रीय प्रबन्ध समिति (कार्यकाल 2025–27)** की सभा **शनिवार, दिनांक 18.07.2026** को **राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय श्रीमान् अतुलजी जैन** की अध्यक्षता में **जैन भवन, 12, शहीद भगतसिंह मार्ग, गोल मार्किट, नई दिल्ली – 110 001 में प्रातः 10:30 बजे** से आयोजित की जा रही है। आपश्रीजी से सादर अनुरोध है कि सभा में पधारकर अपने विचारों एवं महत्वपूर्ण सुझावों से सभा को लाभान्वित करें।

सभा में विचारणीय विषय सूची निम्न प्रकार से है ।

**विषय सूची :–**

**01.** दिवंगत साधु–साध्वीवृंद एवं श्रावक–श्राविकाओं को श्रद्धांजलि ।

**02.** गत् सभा की कार्यवाही की पुष्टि करना ।

**03.** सभा की तारीख से 7 दिन पूर्व तक प्राप्त आजीवन सदस्यता आवेदन पत्रों की जानकारी प्रदान कर स्वीकृति प्रदान करना ।

**04.** श्रमण संघीय अमृत महोत्सव से संबंधित चातुर्मास कालीन मुख्य शाखा, युवा शाखा, महिला शाखा के कार्यक्रमों का निर्धारण करना ।

**05.** जैन कॉन्फ्रेंस के वार्षिकोत्सव शिवाचार्य जन्मोत्सव की आयोजन समिति एवं लाभार्थियों की जानकारी प्रदान करना।

**06.** संविधान / नियम–उपनियम संशोधन समिति द्वारा विगत सभा में सर्वसम्मति से पारित संशोधित संविधान का अनुमोदन करना ।

**07.** अन्य विषय राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय जी की आज्ञा से ।

धन्यवाद सहित !

भवदीय

**(डॉ. अमितराय जैन)**

राष्ट्रीय महामंत्री

नोट :
1. **संपूर्ण सभा में आपकी उपस्थिति आवश्यक है।**
2. **कोरम के अभाव में सभा उसी दिन उसी स्थान पर आधे घण्टे के बाद होगी।**
3. **यदि कोई सदस्य किसी प्रकार की जानकारी चाहते हैं तो, केन्द्रीय कार्यालय को सभा की तारीख से 7 दिन पूर्व लिखित रुप में सूचना भेजें अन्यथा सभा में आपके द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर देने में असमर्थता हो सकती है।**
4. **सभा में पधारने वाले सभी महानुभावों से अनुरोध है कि अपने आने की सूचना पहले दें ताकि आवास की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।**
5. **पारित संविधान संशोधन के नियम–उपनियम आपके अवलोकनार्थ जैन कॉन्फ्रेंस की अधिकारिक वेबसाईट** www.jainconference.org **पर अपलोड़ कर दिए गये है।**
6. **अधिक जानकारी के लिए संपर्क सूत्र : कार्यालय : 011 – 23363729, 23365420, 90197 31906, श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव–महाप्रबंधक जैन कॉन्फ्रेंस : 98830 18244, ई–मेल:**aissjc1906@gmail.com
7. **विशेष सूचना : आपको अवगत करना चाहते है कि, संविधान–नियम/उपनियम के अनुसार नियम 9.का उपनियम (ई) '6' पृष्ठ संख्या 31 पर अंकित है कि, "राष्ट्रीय पदाधिकारी, राष्ट्रीय प्रबंध समिति सदस्य एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्य लगातार तीन सभाओं में अनुपस्थित होते हैं तो (तीन में से एक सभा में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा) उसकी राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति व राष्ट्रीय प्रबंध समिति की सदस्यता स्वतः ही रदद हो जायेगी, फिर चाहे वह निर्वाचित हो या मनोनीत। उनके कार्यकाल की वैधानिकता भी समाप्त हो जायेगी।"**